Series : GEH6F

SET ~ 3

रोल नं.

Roll No.

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code 32/6/3

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे*

*Time allowed : 3 hours*

*अधिकतम अंक : 80*

*Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (मानचित्र सहित) हैं ।

Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **37** प्रश्न हैं ।

Please check that this question paper contains **37** questions.

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

**Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.



collegedunia

सामान्य निर्देश :

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रश्न-पत्र छः खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ, ङ** एवं **च** ।

*(iii)* **खण्ड क** – प्रश्न संख्या 1 से 20 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।

*(iv)* **खण्ड ख** – प्रश्न संख्या 21 से 24 अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।

*(v)* **खण्ड ग** – प्रश्न संख्या 25 से 29 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 60 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।

*(vi)* **खण्ड घ** – प्रश्न संख्या 30 से 33 दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है । इन प्रश्नों का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए ।

*(vii)* **खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या 34 से 36 **केस-आधारित/स्रोत-आधारित** प्रश्न हैं, जिनमें **तीन** उप-प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।

*(viii)* **खण्ड च** – प्रश्न संख्या 37 **मानचित्र कौशल आधारित** प्रश्न है, जिसमें **दो** भाग हैं – **37 (a)** इतिहास (2 अंक) और **37 (b)** भूगोल (3 अंक) । इस प्रश्न के कुल 5 अंक हैं ।

*(ix)* इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।



**General Instructions :**

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **37** questions. **All** questions are compulsory.*

*(ii)* *Question paper is divided into **SIX** sections – **Section A, B, C, D, E** and **F**.*

*(iii)* ***Section A** – Question number **1** to **20** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – Question number **21** to **24** are Very Short Answer type questions. Each question carries **2** marks. Answer to these questions should not exceed **40** words.*

*(v)* ***Section C** – Question number **25** to **29** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Answer to these questions should not exceed **60** words.*

*(vi)* ***Section D** – Question number **30** to **33** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **5** marks. Answer to these questions should not exceed **120** words.*

*(vii)* ***Section E** – Question number **34** to **36** are **Case-based/Source-based** questions with **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(viii)* ***Section F** – Question number **37** is **Map Skill based** question with **two** parts – **37(a)** History (**2** marks) and **37(b)** Geography (**3** marks). This question carries total **5** marks.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** (20 × 1 = 20)

1. सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए : 1

| | I (बहु–उद्देशीय नदी परियोजना) | | II (नदी) |
|---|---|---|---|
| (A) | गाँधी सागर | – | चंबल |
| (B) | हीराकुड | – | गोदावरी |
| (C) | नागार्जुन सागर | – | कावेरी |
| (D) | सलाल | – | व्यास |

2. निम्नलिखित में से किस फसल को 'सुनहरा रेशा' भी कहा जाता है ? 1

(A) कपास

(B) ऊन

(C) जूट

(D) रेशम

3. बॉक्स में दी गई विशेषताओं को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से कोयले के प्रकार की पहचान कीजिए : 1

- यह निम्न कोटि का भूरा कोयला होता है ।
- इसका प्रमुख भंडार तमिलनाडु के नैवेली में अवस्थित है ।
- यह मुलायम होने के साथ-साथ नमीयुक्त भी होता है ।

विकल्प :

(A) पीट कोयला

(B) एंथ्रेसाइट कोयला

(C) लिग्नाइट कोयला

(D) बिटुमिनस कोयला



## SECTION – A

**(Multiple Choice Questions)** (20 × 1 = 20)

1. Choose the correctly matched pair : 1

| | I (Multi-purpose River Project) | | II (River) |
|---|---|---|---|
| (A) | Gandhi Sagar | – | Chambal |
| (B) | Hirakud | – | Godavari |
| (C) | Nagarjuna Sagar | – | Kaveri |
| (D) | Salal | – | Beas |

2. Which among the following crop is known as 'Golden Fibre' ? 1

(A) Cotton (B) Wool

(C) Jute (D) Silk

3. Read the characteristics given in the box and identify the type of coal from the option given below : 1

- This is low grade brown coal.
- The principal reserves are in Neyveli in Tamilnadu.
- It is soft with high moisture content.

**Options :**

(A) Pit Coal

(B) Anthrasite Coal

(C) Lignite Coal

(D) Bituminous Coal

4. भारत के किस राज्य में स्थायी वन के अंतर्गत सर्वाधिक क्षेत्र है ? 1

(A) हरियाणा

(B) हिमाचल प्रदेश

(C) पंजाब

(D) मध्य प्रदेश

5. बेल्जियम ने अपनी समस्या के समाधान के लिए कुछ उपाय किए। निम्नलिखित उपायों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. सामुदायिक सरकार का गठन।

II. बहुसंख्यकवाद की नीति का अनुसरण।

III. भाषायी समूहों को समान प्रतिनिधित्व प्रदान करके।

IV. क्षेत्रीय सरकारों को अतिरिक्त शक्तियाँ प्रदान करके।

विकल्प :

(A) केवल I, II व III सही हैं।

(B) केवल I, III व IV सही हैं।

(C) केवल I, II व IV सही हैं।

(D) केवल II, III व IV सही हैं।

6. लोकतंत्र अन्य शासन-व्यवस्थाओं से किस प्रकार बेहतर है ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए। 1

(A) यह व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा देता है।

(B) यह अभिजनों में समानता को बढ़ावा देता है।

(C) यह केवल निजी स्वामित्व की प्रकृति को बढ़ावा देता है।

(D) यह व्यक्तिवाद को बढ़ावा देता है।



4. Which state of India has the maximum area under permanent forest ? 1

(A) Haryana

(B) Himachal Pradesh

(C) Punjab

(D) Madhya Pradesh

5. Belgium took some measures to solve its problem. Read the following measures and choose the correct option : 1

I. Formation of community government.

II. Following majoritarian policy.

III. By providing equal representation of language groups.

IV. By providing additional powers to local governments.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

6. How is democracy better than other forms of Government ? Choose the most appropriate option. 1

(A) It enhances the dignity of individuals.

(B) It promotes equality among elites.

(C) It promotes tendency of private ownership only.

(D) It increases the individualism.

7. भारत में भाषा के आधार पर राज्यों के निर्माण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए एवं सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. भाषा के आधार पर राज्य बनाने से देश ज्यादा एकीकृत और मजबूत हुआ है।

II. भाषा के आधार पर राज्य बनाने से प्रशासन पहले की अपेक्षा अधिक सुविधाजनक हो गया है।

III. भाषा के आधार पर राज्यों के निर्माण से संघीय व्यवस्था कमजोर हुई है।

IV. भाषा के आधार पर राज्यों के गठन से भारतीय भाषाओं का विकास हुआ।

विकल्प :

(A) केवल I, II व III सही हैं।

(B) केवल II, III व IV सही हैं।

(C) केवल I, II व IV सही हैं।

(D) केवल I, III व IV सही हैं।

8. संघ सूची से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

(A) पुलिस, विदेशी मामले और कृषि

(B) व्यापार, सिंचाई और विवाह

(C) शिक्षा, वाणिज्य और बैंकिंग

(D) मुद्रा, संचार और प्रतिरक्षा

9. भारत के क्षेत्रीय राजनीतिक दल से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| | दल का नाम | चुनाव चिह्न | प्रदेश |
|---|---|---|---|
| (A) | राष्ट्रीय लोकदल | मशाल | उत्तर प्रदेश |
| (B) | तेलुगू देशम् | साइकिल | आंध्र प्रदेश |
| (C) | तेलंगाना राष्ट्र समिति | पतंग | तेलंगाना |
| (D) | शिरोमणि अकाली दल | चश्मा | पंजाब |



7. Read the following statements regarding the creation of States on the basis of language in India and choose the correct options : 1

I. Formation of states on the basis of language made the country more united and stronger.

II. Formation of states on the basis of language made administration easier.

III. Formation of states on the basis of language has weakened the federal structure.

IV. Formation of states on the basis of language led to the development of Indian languages.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only II, III and IV are correct.

(C) Only I, II and IV are correct.

(D) Only I, III and IV are correct.

8. Choose the correct option related to Union list. 1

(A) Police, Foreign affairs, Agriculture

(B) Trade, Irrigation, Marriage

(C) Education, Commerce, Banking

(D) Currency, Communication, Defence

9. Choose the correct option related to the regional political parties of India : 1

| | Party Name | Election Symbol | State |
|---|---|---|---|
| (A) | Rashtriya Lok Dal | Mashal | Uttar Pradesh |
| (B) | Telugu Desam | Cycle | Andhra Pradesh |
| (C) | Telangana Rashtra Samiti | Kite | Telangana |
| (D) | Shiromani Akali Dal | Chashma | Punjab |

10. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A) :** श्रीलंका में गृहयुद्ध हुआ था ।

**कारण (R) :** सरकार पर सिंहली समुदाय का प्रभुत्व सुनिश्चित करने के लिए 1956 में एक कानून पारित किया गया ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) एवं (R) सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) एवं (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

11. इटली के निम्नलिखित प्रदेशों को एकीकृत इटली में शामिल होने के कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. वेनेशिया

II. सेवोई सार्डीनिया

III. सिसली

**विकल्प :**

(A) I, II और III

(B) II, III और I

(C) I, III और II

(D) II, I और III



10. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option. 1

**Assertion (A) :** There was civil war in Sri Lanka.

**Reason (R) :** An Act was passed in 1956 to secure dominance of Sinhala community on the government.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

11. Arrange the following regions of Italy in the order of their inclusion in the Unified Italy and choose the correct option : 1

I. Venetia

II. Savoy Sardinia

III. Sicilies

**Options :**

(A) I, II and III

(B) II, III and I

(C) I, III and II

(D) II, I and III

12. सत्रहवीं शताब्दी में दक्षिण अमेरिका का एल डोराडो शहर निम्नलिखित में से किस रूप में प्रसिद्ध हो गया था ? 1

(A) विविधता का शहर

(B) सोने का शहर

(C) चेचक शहर

(D) व्यापारिक शहर

13. निम्नलिखित ऐतिहासिक घटनाओं को कालानुक्रमिक रूप से व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. दूसरा गोल मेज सम्मेलन

II. साइमन कमीशन का भारत आगमन

III. दांडी यात्रा की शुरुआत

IV. चौरी–चौरा की घटना

विकल्प :

(A) I, II, III और IV

(B) IV, II, III और I

(C) IV, II, I और III

(D) I, II, IV और III



12. In the 17th century the city El Dorado in South America became famous as which one of the following ? 1

(A) City of Diversity

(B) City of Gold

(C) Small pox City

(D) Trading City

13. Arrange the following historical events in chronological order and choose the correct option : 1

I. Second Round Table Conference

II. Simon Commission arrives in India

III. Beginning of Dandi March

IV. Incident of Chauri-Chaura

**Options :**

(A) I, II, III and IV

(B) IV, II, III and I

(C) IV, II, I and III

(D) I, II, IV and III

14. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| | स्तंभ-I (प्रकाशन) | | स्तंभ-II (लेखक) |
|---|---|---|---|
| a. | बंगाल गजट | i. | तुलसीदास |
| b. | केसरी | ii. | जेम्स ऑगस्टस हिक्की |
| c. | रामचरितमानस | iii. | राममोहन राय |
| d. | संवाद कौमुदी | iv. | बाल गंगाधर तिलक |

विकल्प :

(A) a-i b-ii c-iii d-iv

(B) a-ii b-iii c-iv d-i

(C) a-ii b-iv c-i d-iii

(D) a-iv b-i c-ii d-iii

15. विषम की पहचान कीजिए। 1

(A) हिंदुस्तान कंप्यूटर्स लिमिटेड

(B) हिंदुस्तान यूनिलीवर

(C) भारती एयरटेल लिमिटेड

(D) भारतीय डाक सेवा



14. Match the Column-I with Column-II and choose the correct option from the following : 1

| | Column-I (Publications) | | Column-II (Authors) |
|---|---|---|---|
| a. | Bengal Gazette | i. | Tulsidas |
| b. | Kesari | ii. | James August Hickey |
| c. | Ramcharitmanas | iii. | Ram Mohan Roy |
| d. | Samvad Kaumudi | iv. | Bal Gangadhar Tilak |

**Options :**

(A) a-i b-ii c-iii d-iv

(B) a-ii b-iii c-iv d-i

(C) a-ii b-iv c-i d-iii

(D) a-iv b-i c-ii d-iii

15. Find the odd one out. 1

(A) Hindustan Computers Limited

(B) Hindustan Unilever

(C) Bharti Airtel Limited

(D) Indian Postal Service

16. नीचे दो कथन दिए गए हैं । ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं । दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

**अभिकथन (A) :** भारत में रुपया विनिमय के माध्यम के रूप में स्वीकार किया जाता है ।

**कारण (R) :** विश्व बैंक, भारत में रुपये को भुगतान के माध्यम के रूप में वैधता प्रदान करता है ।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) एवं (R) सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) दोनों (A) एवं (R) सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

17. 'महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम – 2005' के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान किया गया है ? 1

(A) सरकार सभी निवासियों के लिए 100 दिन का रोज़गार सुनिश्चित करती है ।

(B) सरकार सभी ग्रामीण निवासियों के लिए 200 दिन का रोज़गार सुनिश्चित करती है ।

(C) सरकार द्वारा इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में काम के बदले अनाज दिया जाता है ।

(D) रोज़गार देने में असफल रहने पर सरकार लाभार्थियों को बेरोज़गारी भत्ता प्रदान करती है ।



16. Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option. 1

**Assertion (A) :** Rupees is accepted as medium of exchange in India.

**Reason (R) :** The World Bank legalises the use of rupee as a medium of payment in India.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is correct, but (R) is incorrect.

(D) (A) is incorrect, but (R) is correct.

17. Which of the following provisions have been made under the 'Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act – 2005' ? 1

(A) Government ensures 100 days of employment for all residents.

(B) Government ensures 200 days of employment for all rural residents.

(C) Government provides grains in exchange of work in rural areas.

(D) Government provides unemployment allowance to the beneficiaries in case of failure to provide employment.

18. वैश्वीकरण की प्रक्रिया को उत्प्रेरित करने के संबंध में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. सरकार व्यापार अवरोधकों को कम करती है ।

II. सरकार उत्पादकों में प्रतिस्पर्धा को कम करती है ।

III. सरकार आयात एवं निर्यात कर को कम करती है ।

IV. सरकार विदेशी निवेश पर से प्रतिबंध हटाती है ।

विकल्प :

(A) केवल I, II और III सही हैं ।
(B) केवल II, III और IV सही हैं ।
(C) केवल I, III और IV सही हैं ।
(D) केवल I, II और IV सही हैं ।

19. विकास के लिए 'प्रति व्यक्ति आय' निम्नलिखित में से किसका मापदंड है ? 1

(A) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(B) विश्व स्वास्थ्य संगठन
(C) विश्व व्यापार संगठन
(D) विश्व बैंक

20. रमा एक किसान है । कृषि कार्य हेतु उसे ऋण की आवश्यकता है । निम्नलिखित में से कौन से ऋण के स्रोत रमा के लिए लाभदायक रहेंगे ? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. बैंक

II. कृषि व्यापारी

III. स्वयं सहायता समूह

IV. सरकार

विकल्प :

(A) केवल I, III और IV सही हैं ।
(B) केवल I, II और III सही हैं ।
(C) केवल II, III और IV सही हैं ।
(D) केवल I, II और IV सही हैं ।



18. Read the following statements for stimulating the process of globalization and choose the correct options : 1

I. Government reduces trade barriers.

II. Government reduces competition among producers.

III. Government reduces import and export taxes.

IV. Government removes restrictions on foreign investment.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.
(B) Only II, III and IV are correct.
(C) Only I, III and IV are correct.
(D) Only I, II and IV are correct.

19. 'Per capita income' is criterion for development of which one of the following ? 1

(A) United Nations Development Programme
(B) World Health Organisation
(C) World Trade Organisation
(D) World Bank

20. Rama is a farmer. She needs loan for agriculture work. Which of the following sources of loan will be beneficial for Rama ? Choose the most appropriate option : 1

I. Bank

II. Agricultural Trader

III. Self-Help Group

IV. Government

**Options :**

(A) Only I, III and IV are correct.
(B) Only I, II and III are correct.
(C) Only II, III and IV are correct.
(D) Only I, II and IV are correct.

### खण्ड – ख (4 × 2 = 8)

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. (a) भारतीय संविधान में वर्णित पंथनिरपेक्षता को बढ़ावा देने के लिए कोई दो उपाय सुझाइए। 2

**अथवा**

(b) महिलाओं की सार्वजनिक जीवन में भागीदारी को सुनिश्चित करने हेतु कोई दो उपाय सुझाइए। 2

22. असहयोग आंदोलन के दौरान असम के बागान मजदूरों के लिए स्वराज की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। 2

23. सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने वैश्वीकरण की प्रक्रिया को किस प्रकार बढ़ावा दिया ? स्पष्ट कीजिए। 2

24. खनिजों के संरक्षण हेतु कोई दो उपाय सुझाइए। 2

### खण्ड – ग (5 × 3 = 15)

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

25. वाणिज्यिक कृषि की किन्हीं तीन विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। 3

26. रोज़गार प्रदान करने में प्राथमिक क्षेत्रक की भूमिका का वर्णन कीजिए। 3

27. (a) जल प्रदूषण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

(b) वायु प्रदूषण के लिए उत्तरदायी किन्हीं तीन कारकों को स्पष्ट कीजिए। 3

28. संघात्मक और एकात्मक शासन व्यवस्था के मध्य उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

29. 1815 में फ्रांस में स्थापित रूढ़िवादी शासन व्यवस्था की कार्य-प्रणाली की व्याख्या कीजिए। 3



### SECTION – B (4 × 2 = 8)

**(Very Short Answer Type Questions)**

21. (a) Suggest any two measures to promote secularism as mentioned in the Indian Constitution. 2

**OR**

(b) Suggest any two measures to ensure participation of women in public life. 2

22. Explain the notion of Swaraj for plantation workers of Assam during Non-Co-operation Movement. 2

23. How did information and communication technology promote the process of Globalization ? Explain. 2

24. Suggest any two ways for the conservation of minerals. 2

### SECTION – C (5 × 3 = 15)

**(Short Answer Type Questions)**

25. Mention any three features of commercial farming. 3

26. Describe the role of primary sector in providing employment. 3

27. (a) Explain any three factors responsible for water pollution. 3

**OR**

(b) Explain any three factors responsible for air pollution. 3

28. Differentiate between federal and unitary form of government with examples. 3

29. Explain the functioning of conservative regimes established in France in 1815. 3

## खण्ड – घ

### (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

(4 × 5 = 20)

30. (a) विकास के लिए सार्वजनिक सुविधाओं के महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए । 5

अथवा

(b) मानव विकास रिपोर्ट किस संस्था द्वारा प्रकाशित की जाती है ? इस रिपोर्ट में देशों के मध्य तुलना के लिए जिन मापदण्डों का प्रयोग किया जाता है उनकी व्याख्या कीजिए । 5

31. (a) जलोढ़ मृदा की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 5

अथवा

(b) भारत में संसाधन नियोजन के विभिन्न सोपान एवं इसकी आवश्यकताओं की व्याख्या कीजिए । 3 + 2 = 5

32. (a) "1956 में बनाए गए कानून और अन्य संवैधानिक प्रावधानों ने श्रीलंका में दो समुदायों के बीच बड़े टकराव का रूप ले लिया ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5

अथवा

(b) "सत्ता में साझेदारी विभिन्न समूहों के मध्य विश्वास को बढ़ाती है ।" इस कथन की पुष्टि कीजिए । 5

33. (a) मुद्रण संस्कृति से पूर्व भारत में पाई जाने वाली पांडुलिपियों की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । 5

अथवा

(b) मुद्रण संस्कृति के आगमन ने भारत की गरीब जनता को किस प्रकार प्रभावित किया ? व्याख्या कीजिए । 5



## SECTION – D

### (Long Answer Type Questions)

(4 × 5 = 20)

30. (a) Examine the importance of public facilities for the development. 5

OR

(b) Which organization publishes the Human Development Report and what criteria does it use to compare countries ? Examine. 5

31. (a) Explain the main features of alluvial soil. 5

OR

(b) Explain the various stages of resource planning and its need in India. 3 + 2 = 5

32. (a) "The law enacted in 1956 and other Constitutional Provisions led to major conflict between the two communities in Sri Lanka." Support the statement. 5

OR

(b) "Power sharing increases trust between different groups." Support the statement. 5

33. (a) Explain the features of manuscript found in India before the advent of printing culture. 5

OR

(b) How did the advent of print culture affect the poor people in India ? Explain. 5

## खण्ड – ङ

**(केस/स्रोत आधारित प्रश्न)**

(3 × 4 = 12)

34. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**स्वतंत्रता दिवस की शपथ, 26 जनवरी 1930**

"हमारा विश्वास है कि किसी भी समाज की तरह भारतीय जनता का भी यह एक अहरणीय (inalienable) अधिकार है कि उन्हें आजादी मिले, अपनी मेहनत का फल मिले और जीवन की सभी आवश्यकताएँ पूरी हो, जिससे उन्हें आगे बढ़ने के परिपूर्ण अवसर मिलें । हमारा यह भी विश्वास है कि यदि कोई भी सरकार अपनी जनता को इन अधिकारों से वंचित रखती है और दबाती है तो जनता को भी सरकार को बदलने या उसे समूल समाप्त करने का अधिकार है । भारत में ब्रितानी सरकार ने न केवल भारतीय जनता को स्वतंत्रता से वंचित किया है बल्कि उसने जनता का शोषण किया है और देश को आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर नष्ट कर दिया है । इसलिए हमारा विश्वास है कि भारत को अनिवार्य रूप से ब्रिटेन के साथ अपने सभी संबंधों को समाप्त करके पूर्ण स्वराज प्राप्त करना चाहिए ।"

(34.1) भारत में स्वराज को अहरणीय अधिकार क्यों माना गया ? 1

(34.2) स्रोत में किस प्रकार की सरकार के समर्थन का वर्णन है ? 1

(34.3) भारत में ब्रितानी शासन के किन्हीं दो प्रभावों की व्याख्या कीजिए । 2

35. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**राजनीतिक दलों की आवश्यकता**

राजनीतिक दलों का उदय प्रतिनिधित्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था के उभार के साथ जुड़ा है । हम पढ़ चुके हैं कि बड़े समाजों के लिए प्रतिनिधित्व आधारित लोकतंत्र की ज़रूरत होती है । जब समाज बड़े और जटिल हो जाते हैं तब उन्हें विभिन्न मुद्दों पर अलग-अलग विचारों को समेटने और सरकार की नज़र में लाने के लिए किसी माध्यम या एजेंसी की ज़रूरत होती है । विभिन्न जगहों से आए प्रतिनिधियों को साथ करने की ज़रूरत होती है ताकि एक जिम्मेवार सरकार का गठन हो सके । उन्हें सरकार का समर्थन करने या उस पर अंकुश रखने, नीतियाँ बनवाने और नीतियों का समर्थन अथवा विरोध करने के लिए उपकरणों की ज़रूरत होती है । प्रत्येक प्रतिनिधि-सरकार की ऐसी जो भी ज़रूरतें होती हैं, राजनीतिक दल उनको पूरा करते हैं । इस तरह हम कह सकते हैं कि राजनीतिक दल लोकतंत्र की एक अनिवार्य शर्त हैं ।

(35.1) 'प्रतिनिध्यात्मक लोकतंत्र' का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 1

(35.2) राजनीतिक दल किस प्रकार जनमत का निर्माण करते हैं ? 1

(35.3) राजनीतिक दलों को लोकतंत्र के लिए आवश्यक शर्त क्यों माना जाता है ? व्याख्या कीजिए । 2



## SECTION – E

**(Case/Source Based Questions)**

(3 × 4 = 12)

34. Read the following source and answer the questions that follow : 4

**The Independence Day Pledge, 26 January 1930**

"We believe that it is the inalienable right of the Indian people, as of any other people, to have freedom and to enjoy the fruits of their toil and have the necessities of life, so that they may have full opportunities of growth. We also believe that if any government deprives people of these rights and oppresses them, the people have a further right to alter it or abolish it. The British Government in India has not only deprived the Indian people of their freedom but based itself on the exploitation of the masses, and has ruined India economically, politically, culturally and spiritually. We believe, therefore, that India must sever the British connection and attain Purna Swaraj or Complete Independence."

(34.1) Why was Swaraj considered as an inalienable right of the India ? 1

(34.2) Which type of government is supported in the source ? 1

(34.3) Explain any two effects of British rule in India. 2

35. Read the following source and answer the questions that follow : 4

**The Need for Political Parties**

As we have seen, large societies need representative democracy. As societies became large and complex, they also needed some agency to gather different views on various issues and to present these to the government. They needed some ways, to bring various representatives together so that a responsible government could be formed. They needed a mechanism to support or restrain the government, make policies, justify or oppose them. Political parties fulfil these needs that every representative government has. We can say that parties are a necessary condition for a democracy.

(35.1) Explain the meaning of 'representative democracy'. 1

(35.2) How do political parties shape public opinion ? 1

(35.3) Why are political parties considered a necessary condition for a democracy ? Explain. 2

36. निम्नलिखित स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4

**सहकारी समितियों से ऋण**

बैंकों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते ऋण का एक अन्य स्रोत सहकारी समितियाँ हैं । सहकारी समिति के सदस्य अपने संसाधनों को कुछ क्षेत्रों में सहयोग के लिए एकत्र करते हैं । कई प्रकार की सहकारी समितियाँ संभव हैं, जैसे – किसानों, बुनकरों एवं औद्योगिक मज़दूरों इत्यादि की सहकारी समितियाँ ।

कृषक सहकारी समिति सोनपुर के नजदीक एक गाँव में काम करती है । इसके 2300 किसान सदस्य हैं । यह अपने सदस्यों से जमा प्राप्त करती हैं । इस जमा पूँजी को ऋणाधार मानते हुए, इस सहकारी समिति ने बैंक से बड़ा ऋण प्राप्त किया है । इस पूँजी का इस्तेमाल सदस्यों को कर्ज देने के लिए किया जाता है । यह ऋण लौटाने के बाद कर्ज का दूसरा दौर शुरू किया जा सकता है ।

कृषक सहकारी समिति कृषि उपकरण खरीदने, खेती तथा कृषि व्यापार करने, मछली पकड़ने, घर बनाने और अन्य विभिन्न प्रकार के खर्चों के लिए ऋण मुहैया कराती है ।

(36.1) सहकारी समितियों के द्वारा दिया जाने वाला ऋण किस क्षेत्रक के अंतर्गत आता है ? 1

(36.2) स्वयं सहायता समूह बाह्य वित्त–पोषण किस प्रकार प्राप्त करते हैं ? 1

(36.3) सहकारी समितियों की कार्यप्रणाली की व्याख्या कीजिए । 2

## खण्ड – च (2 + 3 = 5)

**(मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न)**

37. (a) दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में दो स्थान 'A' और 'B' के रूप में दर्शाए गए हैं । निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

A. वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1927 में आयोजित किया गया । 1

B. वह स्थान जहाँ महात्मा गाँधी जी ने मिल मजदूरों के आन्दोलन का नेतृत्व किया । 1



36. Read the following source and answer the questions that follow : 4

**Loans from Co-operatives**

Besides banks, the other major source of cheap credit in rural areas are the co-operative societies. Members of a co-operative pool their resources for co-operation in certain areas. There are several types of co-operatives possible such as farmers co-operatives, weavers co-operatives, industrial workers co-operatives etc.

Krishak Co-operative functions in a village not very far away from Sonpur. It has 2300 farmers as members. It accepts deposits from its members. With these deposits as collateral, the co-operative has obtained a large loan from the bank. These funds are used to provide loans to members. Once these loans are repaid, another round of lending can take place.

Krishak Co-operative provides loans for the purchase of agriculture equipments, loans for cultivation and agricultural trade, fishery loans, loans for constructions of houses and for variety of other expenses.

(36.1) Which sector includes credit facilities offered by Co-operative Societies ? 1

(36.2) How do Self-Help Groups access external funding ? 1

(36.3) Explain the functioning of Co-operative Societies. 2

## SECTION – F (2 + 3 = 5)

**(Map Skill Based Questions)**

37. (a) Two places 'A' and 'B' have been marked on the given political outline map of India. Identify them with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them :

A. The place where the session of Indian National Congress took place in 1927. 1

B. The place where Mahatma Gandhi led the movement of cotton mill workers. 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37(a) के स्थान पर हैं ।**

37. (a) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 1927 में अधिवेशन हुआ था । 1

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महात्मा गाँधी ने मिल मजदूरों के आन्दोलन का नेतृत्व किया । 1

37. (b) भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित में से किन्हीं तीन को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए :

(i) पंजाब स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन 1

(ii) गुजरात स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन 1

(iii) अरब सागर में स्थित भारत का एक प्रमुख तेल क्षेत्र 1

(iv) उत्तर प्रदेश स्थित एक आणविक ऊर्जा संयंत्र 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 37(b) के स्थान पर हैं । किन्हीं तीन का उत्तर लिखिए ।**

37. (b) (i) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पंजाब में एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है । 1

(ii) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है । 1

(iii) अरब सागर में स्थित भारत तेल क्षेत्र का नाम लिखिए । 1

(iv) उत्तर प्रदेश के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ आणविक ऊर्जा केन्द्र अवस्थित है । 1

---



**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 37(a).**

37. (a) (i) Name the place where the session of Indian National Congress took place in 1927. 1

(ii) Name the place where Mahatma Gandhi led the movement of cotton mill workers. 1

37. (b) On the same outline map of India locate and label any **three** of the following with suitable symbols :

(i) An International Airport located in Punjab. 1

(ii) A major Sea port located in Gujarat. 1

(iii) A major oil field of India located in Arabian Sea. 1

(iv) A Nuclear Power Plant located in Uttar Pradesh. 1

**Note : The following questions are for Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 37(b) (Attempt three).**

37. (b) (i) Name the place where an International Airport is located in Punjab. 1

(ii) Name the place where major sea port is located in Gujarat. 1

(iii) Name an oil field of India located in Arabian Sea. 1

(iv) Name the place where nuclear power plant located in Uttar Pradesh. 1

---



collegedunia